# अंचल अधिकारी का कार्यालय, बानो।

(देखें अभिलेख हस्तक 1941 का नियम 129)

**आदेश– पत्रक**

विविध वाद सं0– 02/2025-26

आवेदक/आवेदिका का नाम– मो० मुमताज अंसारी पिता - स्व0 सनाउल्लाह अंसारी

ग्राम– बानो, थाना - बानो, जिला सिमडेगा।

वाद का प्रकार– बनाम मो० रिजवान अंसारी पिता स्व० मुर्तजा अंसारी ग्राम+थाना - बानो।

प्रखण्ड – बानो अनुमंडल/ जिला– सिमडेगा।

| क्र0 सं0 एवं तिथि | आदेश और पदाधिकारी का हस्ताक्षर | आदेश पर की गई कार्रवाई के बारे में टिप्पणी तिथि सहित |
|---|---|---|

21.5.25

आवेदक मो0 मुमताज अन्सारी, पिता– स्व0 सनाउल्लाह अन्सारी, ग्राम– बानो, पो0– बानो, थाना–बानो, जिला– सिमडेगा, द्वारा निम्नांकित भूमि के बाबत विपक्षी मो0 रिजवान अन्सारी एवं मो0 जावेद अन्सारी पिता– स्व0 मुर्त्तजा अन्सारी द्वारा दावा किया जा रहा है, जबकि उनका कोई हक नहीं है, संबंधित भूमि का जो मेरे हिस्से की भूमि है मुझे भू–स्वमित्व प्रमाण–पत्र लेना है जिसमें बाधा किया जा रहा है।

**भूमि का विवरण**

| मौजा | खाता सं0 | प्लॉट सं0 | रकबा |
|---|---|---|---|
| बानो | 3 | 1841 | 0.05ए0 |

उपर्युक्त भूमि के बाबत प्रथम पक्ष मो0 मुमताज अन्सारी एवं द्वितीय पक्ष मो0 रिजवान अन्सारी द्वारा दावा– प्रतिदावा किया जा रहा है। उभ्य पक्षों को नोटिस निर्गत कर भूमि पर दावे के संबंध में कागजात की मांग करें तथा इसी बीच संबंधित राजस्व उपनिरीक्षक से अंचल निरीक्षक के माध्यम से प्रतिवेदन की मांग करें एवं

अभिलेख दिनांक 9.6.25 को उपस्थापित करें।

(हस्ताक्षर) 21/5/25
अंचल अधिकारी,
बानो।

9.6.25

अभिलेख उपस्थापित। अभी तक उभय पक्ष को नोटिस निर्गत नहीं किया गया है। नोटिस निर्गत करें तथा वाद दिनांक 02/07/25 को रखें।

(हस्ताक्षर) 9/6/25
अंचल अधिकारी,
बानो

Scanned with OKEN Scanner

2/7/25 अभिलेख उपस्थापित। उभय पक्ष अनुपस्थित। वादी/प्रतिवादी को पुनः स्मारित करें तथा बाद दिनांक - 18/7/25 को

ह०/
2/7/25
अंचल अधिकारी
कानो।

18-07-25 अभिलेख उपस्थापित। प्रथम पक्ष अनुपस्थित, द्वितीय पक्ष उपस्थित एवं हाजिरी दाखिल। बाद दिनांक 14/8/25 को रखें।

ह०
अंचल अधिकारी
कानो।

मो० रिजवान

14.08.25 अभिलेख उपस्थापित। उभय पक्ष उपस्थित। हाजरी दाखिल किया गया है। राजस्व उपनिरीक्षक सह प्रभारी अंचल निरीक्षक कानो का जाँच प्रतिवेदन प्राप्त है। प्रतिवादी मो० रिजवान अंसारी द्वारा प्रश्नगत भूमि खाता सं०- 3, प्लॉट सं० 1841 संबंधी दस्तावेज प्रस्तुत किया गया जो अभिलेख के साथ संलग्न।

आवेदक मो० मुमताज अंसारी, पिता- अताउल्लाह अंसारी, ग्राम- कानो, थाना – कानो द्वारा मौजा- कानो के खाता नम्बर- 03, प्लॉट नं०- 1841 रकबा 0.05 एकड़ भूमि का भू-स्वामित्व प्रमाण पत्र निर्गत करने हेतु आवेदन दिये हैं जिस पर प्रतिवादी मो० रिजवान पिता स्व० मुरतजा, ग्राम कानो, थाना- कानो द्वारा लिखित आपत्ति दर्ज की गई है।

आवेदक मो० मुमताज द्वारा दावा किया गया है कि प्रश्नगत भूमि इनके पिता सनाउल्लाह द्वारा खरीदी गई है एवं इनके हिस्से की भूमि है। प्रतिवादी मो० रिजवान अंसारी द्वारा दावा किया गया है कि उक्त भूमि मो० सनाउल्लाह एवं मो० मुरतजा दोनो भाइयों की भूमि है जिसके एक अंश में मो० सनाउल्लाह के वंशज मो० मुमताज को एवं दूसरे हिस्से में इनके पिता मो० मुरतजा के वंशज के रूप में इनको हिस्सा प्राप्त है। भईयादी बंटवारा मे प्राप्त उपरोक्त भूमि पर मो० मुर्तजा के वंशज के रूप में लगातार दखल कब्जा मे चले आ रहे हैं। इसी भूमि के अन्य दूसरे हिस्से पर आवेदक मो० मुमताज एवं अन्य दखल कब्जा मे थे जिन्होने पूर्व मे अपने हिस्से की भूमि को बिक्री कर चुके हैं।

प्रतिवादी मो० रिजवान द्वारा कानो-कोलेबिरा परियोजना मे खाता नं०-3, प्लॉट नं०-1841, रकबा 0.27 एकड़ भूमि के सड़क निर्माण मे अधिग्रहण संबंधी नोटिस एवं मुकदमा सं०-115/60-61 में प्रश्नगत ~~हिस्से~~ भूमि के एक हिस्से का मुआवजा 519.89 पैसा दोनो भाईयो क्रमशः मो० मुरतजा एवं मो० सनाउल्लाह को प्राप्त होने संबंधी साक्ष्य प्रस्तुत किया गया जो वाद अभिलेख में संलग्न है।

प्रभारी अंचल निरीक्षक सह राजस्व उपनिरीक्षक हल्का-5, कानो द्वारा समर्पित जाँच प्रतिवेदन में प्रश्नगत भूमि खाता नं०-3 प्लॉट नं०-1841 सर्वे खतियान के अनुसार अनाबाद दर्ज होने एवं पंजी-II मे रैयत मो० सनाउल्लाह वगैरह पे० मो० अब्दुल अजीज के नाम जमाबंदी

कायम होने तथा प्रश्नगत भूमि में वर्तमान में मो० रिजवान द्वारा शेड का छप्पर निर्माण किये जाने का उल्लेख किया गया है।

प्रश्नगत भूमि पर वादी एवं प्रतिवादी द्वारा दावा - प्रतिदावा किया जा रहा है, जो स्वत्व का मामला प्रतीत होता है तथा इस न्यायालय के अधिकार क्षेत्र से बाहर का मामला है।

अतः आवेदक मो० मुमताज अंसारी के खाता नं०- 3, प्लॉट नं०- 1841, रकबा 0.05 एकड़ भूमि का भू-धारण प्रमाण पत्र हेतु दिए गए आवेदन को अस्वीकार करते हुए वाद की कार्यवाही समाप्त की जाती है।

14/08/25
लेखापित एवं संशोधित
अंचल अधिकारी
बानो।

14/08/2025
अंचल अधिकारी
बानो।

Digitally signed by Naimuddin Ansari
Date: 2025.12.03 13:09:32 +05:30
Location: 10.189.189.182

Scanned with OKEN Scanner